*शुभम् भूयात्* *मंगलम् भूयात्* *कल्याणम् भूयात्*

वर्ष-16 | अंक 12
वर्ष-17 | अंक 1-2-3

दिसम्बर 2023
जनवरी, फरवरी, मार्च 2024

# अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद्

सेवा ❖ संस्कार ❖ संगठन



# पाथेय

## सम्पादकीय



परमपूज्य आचार्यप्रवर का मिला आशीर्वाद

**प्रिय युवा साथियों,**

**सादर अभिवादन एवं जय जिनेन्द्र!**

**प्रातः स्मरणीय परम पावन आचार्यश्री महाश्रमणजी के सुपावन श्रीचरणों में सभक्ति वंदन। श्रद्धेया साध्वी प्रमुखाश्रीजी विश्रुतविभाजी, श्रद्धेय मुख्य मुनिश्री महावीरकुमारजी, श्रद्धेया साध्वीवर्या सम्बुद्धयशाजी, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के आध्यात्मिक पर्यवेक्षक वंदनीय मुनिश्री योगेशकुमारजी आदि समस्त चारित्रात्माओं के चरणों में सादर वंदन।**

परम पूज्य आचार्य प्रवर के असीम अनुकम्पा और पावन आशीर्वाद से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के 57वें वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर नंदनवन, मुंबई में दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को आयोजित साधारण सदन में सत्र 2023-25 के द्विवर्षीय कार्यकाल के लिए मुझे अभातेयुप के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता पर इस विशाल संगठन के नेतृत्व हेतु पूज्य प्रवर की शुभ दृष्टि पड़ी और मुझे यह सुअवसर प्राप्त हुआ, जिसे मैं संघ सेवा के दुर्लभ अवसर के रूप में स्वीकार कर सौभाग्य की अनुभूति कर रहा हूं एवं पूज्यप्रवर के श्रीचरणों में सादर कृतज्ञता के भाव समर्पित करता हूं।

सर्वप्रथम मैं क्षमायाचना करता हूं कि पाथेय का इस सत्र का यह प्रथम अंक काफी विलंब से शाखा परिषदों और साथियों तक पहुंच रहा है। हालांकि पाथेय से संबंधित काफी बातें विगत समय में निरंतर महामंत्री महोदय अपने वॉट्सएप संदेश के

माध्यम से आप तक पहुंचाते रहे हैं। फिर भी सत्र 2023-25 के पाथेय के इस प्रथम अंक के माध्यम से मैं अपनी बात आप सभी तक पहुंचाते हुए प्रसन्नता एवं गौरव की अनुभति कर रहा हूं। साथियों! पद तो केवल एक व्यवस्था है। कार्य संचालन की दृष्टि से हम सभी कार्यकर्ता हैं। अभातेयुप के सभी कार्य आप सभी के योगदान से ही पूर्ण होने है, सभी योजनाओं को आपके श्रम से ही गति प्राप्त होनी है। इसलिए मैं स्वयं को आप सभी युवा साथियों के समकक्ष रखता हुआ आप सभी के पूर्ण सहयोग व सद्भावना की कामना के साथ यह गुरुत्तर दायित्व ग्रहण कर भी गुरु कृपा से निश्चिंतता का अनुभव कर रहा हूं। गुरु इंगित की प्रतिपल आराधना हम सबका सर्वोपरि कर्त्तव्य और दायित्व होना चाहिए। हम सभी की संघ व संघपति के प्रति निष्ठा तथा संगठन के प्रति समर्पण अभातेयुप को निरन्तर विकास के पथ पर आरोहित करेगा। अभातेयुप आज विकास के जिस पायदान पर पहुंची है, उसमें जहां हमारे पूर्वाध्यक्षों तथा अनेकों-अनेकों कार्यकर्ताओं की श्रम की बूंदें मुखरित हो रही है, वहीं सभी शाखा परिषदों, युवा साथियों का श्रम, सहभागिता और सम्पूर्ण समाज का सहयोग भी योगभूत बना है। आप सभी ऊर्जावान युवा साथियों की कर्मजा शक्ति को नमन करता हूं।

परम पूज्य आचार्यश्री भिक्षु की जन्म स्थली कंटालिया मेरी भी जन्मभूमि है। इसी कारण जन्म से ही तेरापंथ रग-रग में बसा हुआ है। बचपन से लेकर आज तक इस संघ के संयम रत्न चारित्रात्माओं के सान्निध्य में रहने का अवसर मिला, उनसे आध्यात्मिक पोषण के साथ संघ के संस्कार मिले। इस संघ के युवाओं के संगठन तेयुप व अभातेयुप से जुड़ने का अवसर मिला। लगभग 17 वर्षों से मेरा इस संगठन से गहरा नाता रहा, जो आज भी गतिमान है। पूज्य गुरुदेव की कृपा से मैंने इस विलक्षण संगठन के अध्यक्ष पद की शपथ ली है। तेरापंथ धर्मसंघ मेरे सौभाग्य का चरम बिन्दु है।

मैं अपने लिये मंगलकामना करता हूं कि मैं अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष के रूप में प्रतिपल गुरु इंगित की आराधना करता हुआ तेरापंथ धर्मसंघ की श्रीवृद्धि में योगभूत बन सकूं। पूज्यश्री के आर्शीवाद, पथदर्शन, ऊर्जा शक्ति के साथ मैं इस संगठन को शिखरों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हूं। आध्यात्मिक पर्यवेक्षक मुनिश्री योगेशकुमारजी के

आध्यात्मिक निर्देशन में नये-पुराने आयामों के साथ किशोरों व युवाओं में आध्यात्मिक व लोकोत्तर पोषण का प्रयास रहेगा। हमारी आने वाली भावी पीढ़ी सुसंस्कारों के साथ आगे बढ़े, इस हेतु सलक्ष्य प्रयास करेंगे। धर्मसंघ को हर योग्य-पात्र युवा को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रहेगा। युवकों के जीवन में नैतिकता, आध्यात्मिकता, सहकारिता, परोपकारिकता, समन्वयता और सक्षमता लाने का मेरा पूरा प्रयास रहेगा। समस्त शाखा परिषदों तथा संपूर्ण युवा शक्ति के साथ मिलकर आध्यात्मिक व मानव सेवा के लौकिक कार्य भी करने हैं।

परम पूज्य आचार्य प्रवर का वाशी, नवी मुंबई में मर्यादा महोत्सव के पश्चात बृहत्तर मुंबई से मंगल विहार हो चुका है एवं पूज्य प्रवर होली चातुर्मास हेतु पुणे की ओर यात्रायित हैं। बृहत्तर मुंबई क्षेत्र में अभातेयुप की 50 से अधिक शाखा परिषदों एवं उनसे जुड़े हजारों युवाओं को लगभग आठ माह तक अपने प्रवास क्षेत्र अथवा निकटवर्ती क्षेत्र में पूज्य गुरुदेव की सेवा-उपासना का अलभ्य अवसर प्राप्त हुआ। पूज्य गुरूदेव की अणुव्रत यात्रा में युवावाहिनी के अंतर्गत युवा और किशोर पूज्य प्रवर की मार्गसेवा में अपने दायित्व का निवर्हन कर रहे हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में भी विहाररत चारित्रात्माओं की मार्ग सेवा में भी युवक और किशोर सहभागी बन अपने दायित्व का निवर्हन कर रहे हैं। मार्गसेवा के इस दायित्व में कहीं भी हमारी सक्रियता में कमी नहीं रहनी चाहिये। सेवा के इस दुर्लभ अवसर का अधिकाधिक लाभ उठाने का प्रयास सभी परिषदों और साथियों का होना चाहिये।

युवाओं एवं किशोरों में अध्यात्म की चेतना के जागरण हेतु अभातेयुप अनेक आध्यात्मिक गतिविधियां संचालित करती है। युवकों एवं किशोरों में त्याग के संस्कार पुष्ट करने हेतु तपस्या के महायज्ञ के रूप में **'तपोयज्ञ'** का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यकाल के प्रारंभ के साथ ही अभातेयुप द्वारा प्रत्येक गुरूवार को **त्यागी थर्सडे** के रूप में **जमीकंद त्याग** का अभियान चलाया जा रहा है। **'मैं हूं सामायिक साधक'** आयाम के अंतर्गत **'आत्मोन्नयन'** की शृंखला में प्रति शनिवार एक-एक परिषद् सामायिक का अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा श्रावक-श्राविकाओं को सामायिक के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही है। परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन प्रेरणानुसार हमें शनिवार की सायं 7 से 8 बजे यथासंभव सामायिक करने का लक्ष्य रखना चाहिए। **'बारह व्रत'** आयाम के अंतर्गत अपेक्षित है कि युवक बारह व्रती बनने का प्रयास करें तथा चारित्रात्माओं की प्रेरणा से अधिकाधिक श्रावक-श्राविकाएं बारह व्रती बनने का प्रयास करें। अपने क्षेत्र के बारह व्रती श्रावक-श्राविकाओं के डेटा संग्रहण कर लाडनूं केन्द्रीय कार्यालय में प्रेषित करे। तेरापंथ दर्शन एवं आचार्यश्री भिक्षु के विचारों को जानने एवं समझने की दृष्टि से इस सत्र से **'भिक्षु दर्शन प्रषिक्षण कार्यशाला'** का उपक्रम प्रारंभ किया गया है। परिषदें कार्यशालाएं आयोजित कर युवकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। **'जैन संस्कार विधि'** का व्यापक प्रचार-प्रसार हो। अधिक से अधिक मांगलिक कार्य जैन संस्कार विधि से सम्पन्न कराने की प्रेरणा दी जाए।

अध्यात्म के साथ-साथ हमें सामाजिक क्षेत्र में भी सेवा और संगठन की दिशा में विकास करना है। क्षेत्र की उपयोगिता एवं सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थायी प्रकल्प के रूप में शाखा परिषदें **'आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर'**, **'आचार्य महाप्रज्ञ मेडिकल्स'** एवं **'आचार्य तुलसी जैन हॉस्टल'** के निर्माण पर विशेष ध्यान देने का लक्ष्य रखें। अपने-अपने क्षेत्रों में **'नेत्रदान'** हेतु विशेष प्रयास करें। युवकों के व्यक्तित्व विकास एवं वक्तृत्व कला के विकास हेतु **'Personality Development Workshop'**, **'Confident Public Speaking'** कक्षाओं का आयोजन हो। आपदा प्रबंधन के सन्दर्भ में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु युवा एवं किशोर **'तेरापंथ टॉस्क फोर्स'** से जुड़ें। शारीरिक दृष्टि से युवकों को फिट रखने हेतु **'हिट युवा : फिट युवा'** के अंतर्गत योगा, मेडिटेशन आदि की कक्षाएं आयोजित हों। अपने क्षेत्र से तेरापंथ समाज से प्रत्येक युवक को तेयुप की सदस्यता एवं प्रत्येक किशोर को **'तेरापंथ किशोर मण्डल'** से जोड़ें एवं जहां तेयुप या किशोर मण्डल नहीं है, वहां क्षेत्र की संभावना को देखकर नवगठन करवायें। अभातेयुप के प्रकाशनों **'तेरापंथ टाईम्स'**, **'युवादृष्टि'** एवं **'इनजिनियस युवा'** की अधिकाधिक सदस्यता हेतु अभियान चलाकर कार्य करें। प्रत्येक युवक स्वयं इनके नियमित पाठक बनें, अपने परिवारजनों, परिजनों, इष्ट मित्रों आदि को इनके पाठक बनाएं। शाखा परिषदें अपने क्षेत्र के संघीय समाचारों को तत्परता के साथ **'JTN'** के माध्यम से प्रसारित करने का प्रयास करें। डिजिटल क्रांति की दिशा में अभातेयुप की वेबसाईट एवं आयामों की वेबसाईट्स को ज्यादा से ज्यादा विजिट करें और अपने क्षेत्रों की गतिविधियों को अभातेयुप केन्द्रीय कार्यालय के माध्यम से उनमें प्रसारित करवाएं।

सभी शाखा परिषदों एवं समस्त युवा शक्ति से मेरा अनुरोध है कि आप अभातेयुप के सभी उपक्रमों में अपनी कर्मजा शक्ति को नियोजित करते हुए संगठन के विकास एवं धर्मसंघ की प्रभावना में योगभूत बनें।

आप सभी साथियों के साथ मेरे इस प्रथम संवाद के माध्यम से मैनें संगठन के संदर्भ में अपनी कुछ भावनाएं एवं योजनाएं रखी है। संघ व संगठन हित में आप सभी के सुझाव एवं विचार सदैव आमंत्रित हैं।

आप सभी के सतत सहयोग एवं सहभागिता की कामना के साथ–

**सदैव आपकी सेवा में**

**रमेश डागा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

# दिशा-निर्देश

- शाखा परिषद् **पाथेय** का वाचन अपनी कार्यसमिति की बैठक में अवश्य करें। दिशा–निर्देशों के प्रति सजगता एवं सक्रियता परिषद् मूल्यांकन में महत्त्वपूर्ण होगी।
- अभातेयुप द्वारा संचालित जैन तेरापंथ न्यूज (JTN) में समाचार सम्प्रेषण हेतु ईमेल jtnmain@gmail.com एवं समाचार देखने हेतु www.jainterapanthnews.in व www.facebook.com/jainterapanthnews1 का उपयोग करें।
- स्थानीय परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अगर उसी स्थान पर अभातेयुप के पदाधिकारी हो तो उस कार्यक्रम की अध्यक्षता वे ही करें, ऐसा सुनिश्चित हो।
- किसी भी शहर एवं क्षेत्र में नई शाखा परिषद् खोलने हेतु निर्धारित रूप में आवेदन भरकर महामंत्री कार्यालय में भिजवावें एवं सम्पर्क करें।
- तेयुप कार्यकारिणी का प्रत्येक सदस्य पूर्ण रूप से **व्यसन मुक्त** होना अनिवार्य है। अगर कोई भी पदाधिकारी/कार्यसमिति सदस्य व्यसन मुक्त नहीं है तो वह व्यसन मुक्त बने या आत्मसाक्षी से अपने **पद/दायित्व** का विसर्जन करें।
- प्रकाशन सम्बन्धित शिकायत/सुझाव/स्थान परिवर्तन हेतु **prakashanabtyp@gmail.com** पर मेल करें अथवा अपने शाखा प्रभारी से संपर्क करें।
- **अभातेयुप के पदाधिकारी किसी भी शाखा परिषद् की संगठन यात्रा पर आएं तब वहां की परिषद् साफा, शॉल, माला, मेमेन्टो, साहित्य या किसी भी प्रकार के गिफ्ट इत्यादि से सम्मान करने का क्रम न रखें। आपका सहयोग एवं आदर भाव ही कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरक बनता है।**
- अभातेयुप के पदाधिकारी/प्रभारी/कार्यसमिति सदस्य/क्षेत्रीय सहयोगी द्वारा सम्पन्न संगठन यात्राओं का संक्षिप्त विवरण abtypsecretary@gmail.com पर प्रत्येक महीने की अन्तिम तिथि तक आवश्यक रूप से ईमेल करें।
- शाखा परिषद् अपना **बकाया शुल्क** अभातेयुप के खाते **(Punjab National Bank)** में जमा करावें। रसीद की प्रतिलिपि केन्द्रीय कार्यालय लाडनूं में भिजवाएं।

Account Name: **AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Bank Name | : | Punjab National Bank | Branch | : | Ladnun (Raj.) |
| Account No. | : | 10272010002800 | IFSC Code | : | PUNB0102710 |

- **शाखा प्रभारी** अपने प्रभार की परिषदों से निरन्तर सम्पर्क में रहकर उनके कार्यों में सहयोग एवं मार्गदर्शन करें। साथ ही शाखा परिषद् भी अपने प्रभारी के सम्पर्क में रहें तथा परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें।
- **किसी भी शाखा परिषद् को किसी भी प्रकार की भावना/शिकायत प्रेषित करनी हो तो सिर्फ शाखा प्रभारी के माध्यम से ही प्रेषित करें, अन्य कहीं (पूज्यप्रवर/अभातेयुप पर्यवेक्षक मुनिश्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष/महामंत्री) भी प्रेषित न करें। यदि आपको उचित समय में शाखा प्रभारी द्वारा संतुष्ट प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं होता है तत्पश्चात् महामंत्री को प्रेषित करें। उक्त बातों पर अनुपालना होने पर संबंधित शाखा परिषद् अथवा व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है।**
- स्थानीय शाखा परिषदें अपने क्षेत्र में ही कार्य ही करें एवं किसी भी प्रकार की खेल प्रतियोगिता का आयोजन न करें। कोई भी शाखा परिषद् यदि कोई स्थाई प्रकल्प/कार्यक्रम करती है तो अभातेयुप के **राष्ट्रीय अध्यक्ष** से अनुमति प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुदेव के प्रवास स्थल पर शहर की सभी शाखा परिषदें कार्य कर सकती है।
- जो कार्यसमिति सदस्य लगातार 2 बैठकों में बिना अलग से लिखित सूचना दिए अथवा लगातार 3 बैठकों में सूचना देकर भी अनुपस्थित रहता है तो उसका पद स्वत: ही रिक्त माना जाएगा, किन्तु अध्यक्ष उन्हें पुन: मनोनीत कर सकता है। लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर किसी भी कार्यसमिति सदस्य को अध्यक्ष भी उस कार्यकाल में पुन: मनोनीत नहीं कर सकता है। इस गणना में आपातकालीन या तात्कालिक बैठक शामिल नहीं की जाएगी।
- पच्चीस बोल कण्ठस्थ करने का सलक्ष्य प्रयास करें।
- अभातेयुप के तत्वावधान में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम एवं आमंत्रण पत्र की सम्पूर्ण रूपरेखा **महामंत्री कार्यालय** से निश्चित रूप से स्वीकृत करावें, निर्देश की अवहेलना पर अभातेयुप का तत्वावधान नहीं माना जाएगा।
- शाखा परिषद् के सभी सदस्य गुरु इंगितानुसार प्रत्येक शनिवार को सायं 7 से 8 बजे के बीच सामायिक करने के लिए संकल्पित बनें।
- सभी शाखा परिषदें प्रत्येक माह की तेरस को **धम्म जागरण** का कार्यक्रम अवश्य समायोजित करें।

## चुनाव सम्बन्धी सूचना

तेरापंथ युवक परिषद् की सभी शाखाओं में संविधान के अनुसार दिनांक 15 मई से 15 जून तक चुनाव/मनाव करवाने अनिवार्य हैं। समस्त संभाग प्रमुख तेयुप की कार्यसमिति द्वारा चयनित चुनाव अधिकारी नाम, मोबाईल नंबर एवं मेल ID संगठन मंत्री को प्रेषित करें। अभातेयुप सभी परिषदों में संविधान सम्मत चुनाव/मनाव सुनिश्चित करने हेतु आह्वान करती है।

**अमित सेठिया, संगठन मंत्री**

**9824300012/apsethia@gmail.com**

### अध्यक्ष निर्वाचन प्रणाली

(1) कार्यसमिति की बैठक में चुनाव अधिकारी के नाम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू मानी जायेगी।

(2) अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(3) नवगठित शाखा परिषद् के अध्यक्ष का कार्यकाल 15 माह तक हो सकता है। 15 मार्च के पश्चात यदि परिषद् का गठन हो तो उस वर्ष में मई–जून माह की बजाय अगले वर्ष के मई–जून माह में चुनाव कराए जा सकते हैं। तत्पश्चात अध्यक्ष का चुनाव एक वर्ष की अवधि के लिए होगा।

(4) अध्यक्ष का चुनाव साधारण सदन में बहुमत के निर्णय के आधार पर किया जाएगा।

(5) अध्यक्ष पद पर कोई भी सदस्य लगातार दो कार्यकाल से अधिक नहीं रह सकेगा।

(6) अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का व्यसन मुक्त होना आवश्यक है।

**(7) 31 मार्च तक प्राप्त सदस्यता आवेदन पत्र को 7 अप्रैल तक कार्यसमिति की बैठक आयोजित करवाकर प्राप्त आवेदन पत्र को पारित करवाना होगा। उक्त कार्यसमिति की बैठक तक बने हुए सदस्यों को ही मतदान का अधिकार होगा।**

लेकिन 31 मार्च के बाद भी किसी का सदस्यता हेतु सदस्यता आवेदन पत्र परिषद् को प्राप्त होता है तो उसको कार्यसमिति बैठक में पारित किया जा सकता है परन्तु उस सदस्य को साधारण सदन में वोटिंग का अधिकार नहीं रहेगा।

(8) शाखा परिषद् के सदस्य ही नामांकन पत्र (प्रारूप परिशिष्ट) में प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकते हैं लेकिन वर्तमान अध्यक्ष आगामी कार्यकाल हेतु आवेदित अध्यक्ष पद के उम्मीदवार का प्रस्तावक या अनुमोदक नहीं होगा।

(9) अध्यक्ष पद हेतु एक सदस्य केवल एक ही व्यक्ति के नाम का प्रस्तावक या अनुमोदक हो सकता है।

(10) 31 से अधिक सदस्यों वाली परिषद् में अध्यक्ष पद के नामांकन हेतु कम से कम 5 प्रस्तावक व 5 अनुमोदक अनिवार्य रूप से होने चाहिये।

(11) नवगठित शाखा परिषद् के अतिरिक्त अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को स्थानीय परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कम से कम दो कार्यकाल अथवा पदाधिकारी के रूप में एक कार्यकाल का अनुभव होना आवश्यक है। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में प्राप्त अनुभव मान्य नहीं होगा।

(12) साधारण सभा में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य होगी अन्यथा उनका नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा पर सर्वसम्मत नाम वाले प्रत्याशी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं हैं, किन्तु प्रत्याशी की लिखित स्वीकृति अनिवार्य है।

(13) अध्यक्ष के चुनाव करवाने हेतु कार्यसमिति द्वारा एक चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। चुनाव अधिकारी का तेरापंथी होना आवश्यक होगा।

(14) बंद लिफाफे पर नामांकन पत्र अंकित कर उसे चुनाव अधिकारी के कार्यालय या अन्य निर्धारित स्थान पर प्रस्तुत करना होगा। नामांकन पत्र के साथ शाखा परिषद् सदस्यता क्रमांक, जन्म तारीख का प्रमाण (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की स्वहस्ताक्षरित प्रतिलिपी लगाना अनिवार्य है। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा।

(15) अध्यक्ष के चुनाव हेतु निर्धारित तिथि से तीन दिन पूर्व सायं 5 बजे तक प्राप्त नामांकन पत्र ही मान्य होंगे। नामांकन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं निर्वाचन की तिथि के बीच पूरे तीन दिन का अंतराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 6 तारीख होगी।

नामांकन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेज के साथ अन्य दस्तावेज जांच के समय अगर चुनाव अधिकारी द्वारा ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा जाये तो अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को ओरिजनल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा नामांकन पत्र रद्द समझा जाएगा। अथवा चुनाव अधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय ले सकेगा।

चुनाव अधिकारी को नामांकन पत्रों की जांच करके अगले दिन सायं 5 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के नामों की सूची परिषद् के अधिकृत सूचना पट्ट पर अंकित करनी होगी।

(16) अध्यक्ष पद का उम्मीदवार चुनाव प्रारम्भ होने से एक दिन पूर्व सायं 5 बजे तक अपना नाम वापिस ले सकता है। निर्वाचन दिवस एवं नामांकन वापिस लेने के बीच पूरे एक दिन का अन्तराल होना आवश्यक होगा। जैसे निर्वाचन की तिथि 10 तारीख है तो अंतिम तिथि 8 तारीख होगी।

नामांकन पत्र वापस लेने के समय के पश्चात शेष प्रत्याशियों का मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया से मतदान होगा।

(17) अध्यक्ष पद हेतु निर्धारित अवधि तक किसी नाम का प्रस्ताव नहीं आता है तो चुनाव अधिकारी को अधिकार होगा कि साधारण सभा में अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव मांगकर एवं अनुमोदित करवाकर निर्वाचन सम्पन्न करें।

(18) अध्यक्ष के चुनाव के लिए यदि मतदान की आवश्यकता हो तो चुनाव गुप्त मतदान प्रणाली कराया जाएगा।

(19) साधारण सभा की बैठक में कार्य सूची के अन्तर्गत ही अध्यक्ष पद के चुनाव सम्पन्न कराए जायेंगे चुनाव के लिए अलग से कोई अवधि निर्धारित नहीं की जा सकती है।

(20) चुनाव सम्बन्धित विशेष परिस्थिति में चुनाव अधिकारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निर्णय देगा, वह निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा।

(21) किसी सदस्य की उम्र चुनाव तिथि को 45 वर्ष हो गई है तो उसको वोट देने का अधिकार नहीं होगा तथा वह सदस्य आगामी कार्यसमिति का सदस्य व परिषद् द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम का संयोजक व सहसंयोजक नहीं बन सकेगा।

(22) चुनाव अधिकारी को शाखा परिषद् की ओर से अध्यक्ष/मंत्री हस्ताक्षरित सुपुर्द सदस्यता सूची के संदर्भ में अगर किसी सदस्य का नाम उस सदस्यता सूची में नहीं है और वह सदस्य शाखा परिषद् का सदस्य होने का दावा करता है तो उस स्थिति में उस सदस्य को शाखा परिषद् की सदस्यता से सम्बन्धित दस्तावेजों को चुनाव अधिकारी को प्रेषित करना होगा। चुनाव अधिकारी प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच करेगा। जांच में सही पाये जाने पर चुनाव अधिकारी उस सदस्य को साधारण सदन में वोट देने का अधिकार देगा तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को उन सदस्यों की सूची दे दी जायेगी।

(23) कार्यसमिति बैठक में चुनाव अधिकारी की नियुक्ति उपरान्त चुनाव अधिकारी मनोनयन पत्र पर चुनाव अधिकारी की स्वीकृति प्राप्तकर सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी को बैठक के उपरान्त 7 दिन के भीतर अनिवार्य रूप से देनी होगी।

शाखा परिषद् के 5 सदस्य मिलकर चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सदस्यता सूची, संविधान की कॉपी व अध्यक्ष पद हेतु आवेदन पत्र चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करवाकर तय स्थान से प्राप्त कर सकते हैं। चुनाव अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रपत्र मान्य व स्वीकार्य होंगे।

(24) मतदान के समय सभी सदस्यों को अपना पहचान पत्र अवश्य साथ लाना होगा। सदस्य के पहचान पत्र व शाखा परिषद् की सदस्यता सूची में अंकित जन्मतिथि में भिन्नता पाये जाने पर सदस्य के ओरिजनल दस्तावेज पर अंकित जन्मतिथि को चुनाव अधिकारी द्वारा वरीयता दी जायेगी।

# नामांकन पत्र

सेवा में
निर्वाचन अधिकारी
तेरापंथ युवक परिषद्, ............................

## प्रस्ताव

हम तेरापंथ युवक परिषद्, ........... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री ......................सुपुत्र श्री ...................... का नाम प्रस्तावित करते हैं।

| | प्रस्तावक का नाम | प्रस्तावक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | ...................................................... | ...................... |
| 2. | ...................................................... | ...................... |
| 3. | ...................................................... | ...................... |
| 4. | ...................................................... | ...................... |
| 5. | ...................................................... | ...................... |

## अनुमोदन

हम तेरापंथ युवक परिषद्, ........... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद हेतु श्री ......................सुपुत्र श्री ...................... के नाम के उपरोक्त प्रस्ताव की अनुमोदना करते हैं।

| | अनुमोदक का नाम | अनुमोदक के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | ...................................................... | ...................... |
| 2. | ...................................................... | ...................... |
| 3. | ...................................................... | ...................... |
| 4. | ...................................................... | ...................... |
| 5. | ...................................................... | ...................... |

## स्वीकृति

मैं ............................................ सुपुत्र श्री ........................ तेरापंथ युवक परिषद्, ......... के सत्र ........... के लिए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्वीकृति प्रदान करता हूँ। मैंने वर्ष ....... एवं ....... में तेरापंथ युवक परिषद् .......... के कार्यसमिति में (कम से कम दो पूर्ण कार्यकाल) अथवा वर्ष में .......... पद (कम से कम एक पूर्ण कार्यकाल) के दायित्व निर्वहन किया है। मेरी जन्म तारीख ......... (दिनांक) ........... (महीना) ............ (वर्ष) है। जन्म तारीख प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, वोटर आई डी, जन्म प्रमाण पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की छायाप्रति में से किन्हीं दो) की प्रतिलिपि संलग्न है।

मैं यह सत्यापित करता हूँ कि मुझे जैन धर्म एवं तेरापंथ सम्प्रदाय की सामान्य जानकारी है तथा मैं सम्पूर्ण रूप से व्यसन मुक्त हूँ।

**उम्मीदवार का पता एवं मोबाईल नं :** **उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**निर्वाचन अधिकारी का नाम व पता** : ....................................................................

**निर्वाचन अधिकारी की टिप्पणी**

जाँच दिनांक ............................................ नामांकन पत्र वैध/अवैध है।
अवैध घोषित करने के कारण : ............................................................

**नोटः 31 सदस्यों तक की शाखा परिषदों के लिए एक प्रस्तावक एवं एक अनुमोदक की आवश्यकता है।**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के महत्वपूर्ण आयाम **"मैं हूँ सामायिक साधक"** के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से किशोरों एवं युवाओं में सामायिक के प्रति जागरूकता बढ़े, इस हेतु प्रत्येक तेरापंथी किशोर एवं युवक को प्रत्येक शनिवार अथवा महीने की चार सामायिक करने के लिए संकल्पित करवाने का लक्ष्य है। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

परमपूज्य युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की असीम अनुकम्पा से अभिनव सामायिक फेस्टिवल कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। विभिन्न स्थानों पर चारित्रात्माओं का सान्निध्य प्राप्त हुआ अनंत-अनंत कृतज्ञता। देशभर एवं नेपाल में एक साथ एक समय पर विश्व मैत्री के भावों से हजारों की संख्या में अभिनव सामायिक का अनूठा प्रयोग हुआ, जिसमें **236 शाखा परिषदों** की सहभागिता रही। पूर्ण मनोभाव से जुड़ने वाली सभी परिषदों की युवा शक्ति को बहुत-बहुत साधुवाद। अभातेयुप के महनीय आयाम मैं हूं सामायिक साधक से जुड़े सभी के प्रति आभार।




मैं हूं सामायिक साधक के अंतर्गत शाखा परिषदों के माध्यम से पूरे वर्ष प्रतिदिन 1 परिषद् सामायिक करेगी। पूरे वर्ष भर चलने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान से, आओ, हम सब भी जुड़े, सामायिक कर आत्मा का उन्नयन करे। आत्मोन्नयन का आगाज गुजरात राज्य से हुआ एवं संपूर्ण फरवरी माह में गुजरात की शाखा परिषदों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। आत्मोन्नयन की अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें:-

**प्रभारी**
राकेश दक, 9916949115

**सहप्रभारी**
दीपक श्रीमाल, 9374674694

---

युवकों एवं किशोरों में जैनत्व और अध्यात्म के संस्कार पुष्ट करने हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा अभियान चलाया जा रहा है– **"तपस्या का महायज्ञ–तपोयज्ञ"**। कर्म निर्जरा के इस क्रम में जप, त्याग, पचक्खाण एवं पौषध के विविध कार्यक्रम परिषदों के माध्यम से किये जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी से संपर्क करें।

त्याग जैन धर्म का आधार है और गुरुदेव का प्रिय विषय है। साथियों, तपोयज्ञ के अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार अपनी धारणानुसार जमीकंद त्याग या संपूर्ण जमीकंद त्याग का संकल्प लें (निर्धारित जमीकंद : आलू, प्याज, लहसुन, शकरकंद, गाजर, मूली इत्यादि)। सभी अभातेयुप साथी एवं समस्त शाखा परिषदें प्रत्येक गुरुवार जमीकंद त्याग में सहभागी बने।

**प्रभारी**
जितेश पोखरणा, 9001009101

**सहप्रभारी**
अमित कांकरिया, 9422092222

Confident Public SpeaKING
An Effective Communication Course

आचार्य श्री तुलसी का स्वप्न था कि संघ के हर युवक का विकास हो, संघ का प्रत्येक युवक जैनत्व व तेरापंथ को जाने, अपनी वक्तृत्व शैली को निखारकर श्रेष्ठ वक्ता बने। चारित्रात्माओं के प्रवचन श्रवण एवं उद्बोधनकला से श्रावक समाज लाभान्वित हो रहा है, उसी तरह प्रत्येक युवक अपनी वक्तृत्व शैली को उजागर कर संघ एवं संघपति के प्रति समर्पित रहकर सेवा, संस्कार एवं संगठन के त्रिआयामी उद्देश्यों को किस तरह जीवन में अंकुरित करें, इस हेतु अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING (CPS)** का आयोजन किया जा रहा है। वाक् कौशल को सुधारने, **STAGE FEAR** को मिटाने एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए **CONFIDENT PUBLIC SPEAKING** कोर्स का आयोजन भी परिषदें अपने स्तर पर कर सकती हैं। इस आयाम के लिए प्रशिक्षकों की व्यवस्था अभातेयुप करेगी। विस्तृत एवं अन्य कोई जानकारी के लिए इच्छुक परिषदें संपर्क करें :-

| प्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|
| दिनेश मरोठी, 9480048066 | सोनू डागा, 9976967748 |

## नवम्बर 2023 से फरवरी 2024 तक सीपीएस कार्यशाला रिपोर्ट

| क्र. | दिनांक | शाखा परिषद् | सान्निध्य | मुख्य अतिथि | ट्रेनर 1 | ट्रेनर 2 | ट्रेनर 3 | संभागी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 18-24.12.2023 (प्रातः) | अहमदाबाद | साध्वीश्री सरस्वतीजी आदि ठाणा | श्री जयेश मेहता | आकाशजी शाह | खुशीजी गांधी | महावीरजी भटेवरा | 34 |
| 02 | 18-24.12.2023 (सायं) | अहमदाबाद | साध्वीश्री सरस्वतीजी आदि ठाणा | श्री जयेश मेहता | आकाशजी शाह | खुशीजी गांधी | महावीरजी भटेवरा | 20 |
| 03 | 25-31.12.2023 | टी.दासरहल्ली | -- | श्री पवन मांडोत | मोनिकाजी गांधी | अरविंदजी पोकरना | अनिलाजी सेठिया | 23 |
| 04 | 25-31.12.2023 | विजयनगर | -- | श्री पवन मांडोत | डिंपलजी जैन | विनम्राजी गांधी | मनीषाजी सेठिया | 25 |
| 05 | 30.12.23-03.01.24 | अभातेयुप | साध्वीश्री कल्पलताजी | श्री लक्की कोठारी | अरविंदजी मांडोत | बबीताजी रायसोनी | -- | 24 |
| 06 | 01-07.01.24 (प्रातः) | सूरत | मुनिश्री उदितकुमारजी आदि ठाणा | श्री अमित सेठिया | चेतनाजी सिंघवी | दिनेशजी बुरड़ | चिरागजी पामेचा | 27 |
| 07 | 01-07.01.24 (सायं) | सूरत | मुनिश्री उदितकुमारजी आदि ठाणा | श्री अमित सेठिया | चेतनाजी सिंघवी | दिनेशजी बुरड़ | चिरागजी पामेचा | 30 |
| 08 | 08-14.01.24 (प्रातः) | चेन्नई | -- | श्री रमेश डागा | शिवानीजी चोपड़ा | सुमनजी सुखानी | अखिलजी मारू | 20 |
| 09 | 08-14.01.24 (सायं) | चेन्नई | -- | श्री रमेश डागा | शिवानीजी चोपड़ा | सुमनजी सुखानी | अखिलजी मारू | 17 |
| 10 | 08-14.01.24 (सायं) | गांधीनगर | -- | श्री पवन मांडोत | सुरभिजी शाह | दिनेशजी मरोठी | भव्यजी बोथरा | 23 |











रक्तदान के क्षेत्र में विश्व की सबसे अधिक रक्तदाता संस्था होने का गौरव प्राप्त अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् वर्ष पर्यन्त अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **''मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव''** के अंतर्गत रक्तदान शिविरों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष अभातेयुप अपनी शाखा परिषदों के माध्यम से **"MBDD RHYTHM (Round Year Humanity Theme)** का आयोजन कर रही है, जिसमें माह के अनुसार आंवटित राज्य में शाखा परिषद् रक्तदान शिविरों का आयोजन कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें एवं रक्त की आवश्यकता के अनुसार रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। एमबीडीडी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-



MBDD 2024
RHYTHM
ROUND-YEAR HUMANITY THEME

Guidelines for Parishads

1) Each state shall be assigned a month, in which parishads need to organise maximum camps as per blood requirement of the region.
2) State Coordinators need to make sure the participation of every parishad and aim for blood donation camps on every day of the month.
3) Parishads shall inform date of camps to State coordinators in advance.
4) Every Parishad shall trigger their past connections with Supporters, Partners & Dignitaries during this campaign to ensure strong sustainable relations.
5) All camps shall be registered on E Raktkosh portal under TYP heading.
6) The Mission of the campaign is active participation of every parishad/ state to facilitate the rhythm of MBDD across the year 2024.

AKHIL BHARTIYA TERAPANTH YUVAK PARISHAD

| Month | State | Co-ordinator | Contact |
|---|---|---|---|
| April | Madhya Pradesh | Vikrant Nahata | 88894 45599 |
| | | Rohit Bambori | 90743 88855 |
| | | Piyush Dak | 98930 29090 |
| May | North East | Ashish Kochar | 94355 55050 |
| | | Ajeet Kothari | 98641 62223 |
| | | Ashok Maroti | 94355 23395 |
| | | Sumnesh Kothari | 98641 11088 |
| | | Ketan Hirawat | 98540 14652 |
| | | Vijay Bhura | 99995 72330 |
| | | Hemant Sethia | 97960 16248 |
| June | Tamilnadu | Komal Daga | 98413 22218 |
| | | Sandeep Mootha | 91715 55551 |
| | | Sonu Daga | 99769 67748 |
| | | Vishal Surana | 70103 14733 |
| January | Karnataka & Kerala | Amit Dak | 9620696106 |
| | | Sudheer Pokharna | 98864 33333 |
| February | Gujarat | Deepak Shrimal | 9374674694 |
| | | Abhinandan Gadiya | 9376381000 |
| | | Sandeep Mandot | 9898021154 |
| March | Rajasthan | Karan Nahata | 9314284290 |
| | | Kailash Tater | 9460281411 |
| | | Sandeep Hinger | 9831058450 |
| | | Vijendra Chajjer | 8078635399 |

**प्रभारी**
हितेश भांडिया, 9829298364

**सहप्रभारी**
सौरभ पटवारी, 9825141911

## प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित रक्तदान शिविरों का विवरण

### जनवरी माह

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 01-01-24 | TYP Vijaynagar | 27 |
| 2 | 01-01-24 | TYP Vijaynagar | 12 |
| 3 | 01-01-24 | TYP Vijaynagar | 10 |
| 4 | 02-01-24 | TYP Navsari | 38 |
| 5 | 02-01-24 | TYP Vijaynagar | 24 |
| 6 | 02-01-24 | TYP Gandhinagar | 4 |
| 7 | 03-01-24 | TYP Delhi | 156 |
| 8 | 03-01-24 | TYP Vijaynagar | 12 |
| 9 | 03-01-24 | TYP Gandhinagar | 12 |
| 10 | 04-01-24 | TYP Delhi | 94 |
| 11 | 04-01-24 | TYP Vijaynagar | 13 |
| 12 | 05-01-24 | TYP Vijaynagar | 17 |
| 13 | 06-01-24 | TYP Vijaynagar | 16 |
| 14 | 06-01-24 | TYP Yashwantpur | 37 |
| 15 | 06-01-24 | Typ Rajajinagar | 10 |
| 16 | 07-01-24 | TYP Vijaynagar | 26 |
| 17 | 08-01-24 | TYP Vijaynagar | 12 |
| 18 | 09-01-24 | SuratTYP | 87 |
| 19 | 09-01-24 | TYP Vijaynagar | 16 |
| 20 | 10-01-24 | TYP Vijaynagar | 15 |
| 21 | 11-01-24 | TYP Vijaynagar | 16 |
| 22 | 11-01-24 | TYP Gandhinagar | 12 |
| 23 | 12-01-24 | TYP Vijaynagar | 24 |
| 24 | 12-01-24 | TYP Vijaynagar | 137 |
| 25 | 13-01-24 | TYP Vijaynagar | 20 |
| 26 | 14-01-24 | TYP Vijaynagar | 20 |
| 27 | 14-01-24 | TYP Rajajinagar | 33 |
| 28 | 15-01-24 | TYP Vijaynagar | 15 |
| 29 | 16-01-24 | TYP Vijaynagar | 21 |
| 30 | 17-01-24 | TYP Vijaynagar | 13 |
| 31 | 18-01-24 | TYP Vijaynagar | 17 |
| 32 | 19-01-24 | TYP Vijaynagar | 20 |

### फरवरी माह

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 1 | 01-02-24 | TYP Surat | 54 |
| 2 | 02-02-24 | TYP Vadodara | 41 |
| 3 | 03-02-24 | TYP Navsari | 45 |
| 4 | 04-02-24 | TYP Navsari | 78 |
| 5 | 04-02-24 | TYP Parvat Patiya | 31 |
| 6 | 05-02-24 | TYP Navsari | 9 |
| 7 | 06-02-24 | TYP Ahmedabad | 35 |
| 8 | 06-02-24 | TYP Navsari | 11 |
| 9 | 07-02-24 | TYP Parvat Patiya | 76 |
| 10 | 07-02-24 | TYP Navsari | 12 |
| 11 | 08-02-24 | TYP Vadodara | 62 |
| 12 | 08-02-24 | TYP Navsari | 8 |
| 13 | 09-02-24 | TYP Navsari | 13 |
| 14 | 10-02-24 | TYP Navsari | 14 |
| 15 | 10-02-24 | Nepal | 423 |
| 16 | 10-02-24 | TYP Surat | 65 |
| 17 | 10-02-24 | TYP Surat | 34 |
| 18 | 10-02-24 | TYP Jaipur | 87 |
| 19 | 11-02-24 | TYP Amraiwadi Odhav | 41 |
| 20 | 11-02-24 | TYP Parvat Patiya | 14 |
| 21 | 11-02-24 | TYP Parvat Patiya | 26 |
| 22 | 11-02-24 | TYP South Howrah | 70 |
| 23 | 12-02-24 | TYP Vadodara | 40 |
| 24 | 15-02-24 | TYP Ahmedabad | 37 |
| 25 | 16-02-24 | TYP Parvat Patiya | 31 |
| 26 | 17-02-24 | TYP Surat | 18 |
| 27 | 18-02-24 | TYP Parvat Patiya | 31 |
| 28 | 18-02-24 | TYP Amraiwadi | 70 |
| 29 | 18-02-24 | TYP Surat | 32 |
| 30 | 23-02-24 | TYP Ahmedabad | 14 |
| 31 | 24-02-24 | TYP Surat | 54 |
| 32 | 24-02-24 | TYP Surat | 63 |

## जनवरी माह

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 33 | 20-01-24 | TYP Vijaynagar | 21 |
| 34 | 21-01-24 | TYP Vijaynagar | 33 |
| 35 | 22-01-24 | TYP Vijaynagar | 47 |
| 36 | 22-01-24 | TYP Vijaynagar | 38 |
| 37 | 23-01-24 | TYP Vijaynagar | 27 |
| 38 | 24-01-24 | TYP Vijaynagar | 17 |
| 39 | 25-01-24 | TYP HUBBALI | 57 |
| 40 | 25-01-24 | TYP Rajajinagar | 20 |
| 41 | 25-01-24 | TYP Vijaynagar | 17 |
| 42 | 26-01-24 | TYP Vijaynagar | 17 |
| 43 | 26-01-24 | TYP Vijaynagar | 19 |
| 44 | 26-01-24 | TYP Vijaynagar | 37 |
| 45 | 26-01-24 | TYP Vijaynagar | 19 |
| 46 | 27-01-24 | TYP Jaipur | 76 |
| 47 | 27-01-24 | TYP Vijaynagar | 19 |
| 48 | 28-01-24 | TYP RRNagar | 20 |
| 49 | 29-01-24 | TYP Chhotu Khatu | 210 |
| 50 | 28-01-24 | TYP Vijaynagar | 14 |
| 51 | 29-01-24 | TYP Vijaynagar | 24 |
| 52 | 30-01-24 | TYP Vijaynagar | 15 |
| 53 | 31-01-24 | TYP Vijaynagar | 18 |
| Total Units | | | 1751 |

## फरवरी माह

| No. | Date | Parishad | Units |
|---|---|---|---|
| 33 | 24-02-24 | TYP Surat | 25 |
| 34 | 24-02-24 | TYP Surat | 39 |
| 35 | 25-02-24 | TYP Vadodara | 74 |
| 36 | 25-02-24 | TYP Vadodara | 51 |
| 37 | 25-02-24 | TYP Kamrej | 12 |
| 38 | 25-02-24 | TYP Bardoli | 71 |
| 39 | 25-02-24 | TYP Ahmedabad | 15 |
| 40 | 26-02-24 | TYP Ahmedabad | 16 |
| 41 | 26-02-24 | TYP Vapi | 20 |
| 42 | 26-02-24 | TYP Vadodara | 41 |
| 43 | 26-02-24 | TYP Vadodara | 62 |
| 44 | 26-02-24 | TYP Vadodara | 40 |
| 45 | 26-02-24 | TYP Vadodara | 51 |
| 46 | 26-02-24 | TYP Vadodara | 74 |
| 47 | 27-02-24 | TYP Ahmedabad | 30 |
| 48 | 27-02-24 | TYP Bhuj | 18 |
| 49 | 28-02-24 | TYP Ahmedabad | 73 |
| 50 | 29-02-24 | TYP Ahmedabad | 97 |
| 51 | 29-02-24 | TYP Surat | 21 |
| 52 | 29-02-24 | TYP Surat | 72 |
| | | | |
| Total Units | | | 2541 |

















Acharya Tulsi
Diagnostic Centre
Dental Care
Dialysis Centre

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् अपने त्रिआयामी उद्देश्यों सेवा-संस्कार-संगठन के साथ आगे बढ़ रही है। सामाजिक क्षेत्र में सेवा का उद्देश्य भी महत्वपूर्ण है। **''आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर''** अभातेयुप का मानव सेवा को समर्पित महत्वपूर्ण उपक्रम है, जिनमें विभिन्न प्रकार की मेडीकल जांच एवं दंत रोगों का न्यूनतम दरों पर उच्चतम ईलाज किया जाता है। एटीडीसी से सम्बन्धित समस्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क करें:-

| प्रभारी | सहप्रभारी | सहप्रभारी |
|---|---|---|
| सौरभ मुणोत, 8655690391 | आलोक छाजेड़, 9739048090 | ललित मेहर, 9880028999 |

## देशभर में संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर्स से प्राप्त नवम्बर 2023 से फरवरी 2024 की रिपोर्ट

| Center Name | Nov. 2023 Patients | Dec. 2023 Patients | Jan. 2024 Patients | Feb. 2024 Patients |
|---|---|---|---|---|
| Vijaynagar | 2858 | 2,945 | 2,809 | 2,906 |
| Magadi Road | 1046 | 1,177 | 1,145 | 1,146 |
| Hampinagar | 1668 | 1,894 | 1,702 | 1,645 |
| Kamakshipalya | 430 | 605 | 466 | 472 |
| Nagarbhavi | 444 | 499 | 537 | 559 |
| Gandhingar | 1415 | 1,551 | 1,620 | 1,690 |
| Adugodi | 109 | 109 | 76 | 75 |
| Guttahalli | 125 | 160 | 140 | 185 |
| R. R. Nagar | 935 | 937 | 1,158 | 1,013 |
| HBST | 299 | 310 | 261 | 312 |
| Srirampuram-Rajajinagar | 558 | 662 | 784 | 715 |
| Hubali | 70 | 104 | 56 | 67 |
| N. S. Road | 662 | 1,036 | 809 | 855 |
| T. K. Layout | 198 | 253 | 275 | 293 |
| Udhna | 3048 | 4,260 | 4,330 | 4,260 |
| Pandesara | 119 | 245 | 243 | 238 |
| Bhestan | 363 | 451 | 503 | 559 |
| Surat Bhatar | 822 | 1,200 | 1,120 | 1,167 |
| Someshwar | 183 | 233 | 192 | 215 |
| VIP Plaza | 0 | 125 | 121 | 82 |
| City Centre | 299 | 421 | 498 | 414 |
| Subh Complex | 242 | 344 | 293 | 331 |
| Amraiwadi Odhav | 101 | 158 | 124 | 161 |
| Bardoli | 293 | 501 | 394 | 330 |
| Coimbatore | 114 | 121 | 118 | 138 |
| Puzhal | 3655 | 1,324 | 1,378 | 2,362 |
| Purasawalkam | 434 | 363 | 581 | 517 |
| Triplicane | 1145 | 1,334 | 1,460 | 1,545 |

| Center Name | Nov. 2023 Patients | Dec. 2023 Patients | Jan. 2024 Patients | Feb. 2024 Patients |
|---|---|---|---|---|
| Redhills | 333 | 303 | 385 | 341 |
| Vyasarpadi | 506 | 459 | 622 | 644 |
| Nathdwara | 184 | 251 | 214 | 254 |
| Udaipur | 124 | 194 | 133 | |
| Bhilwara | 277 | 368 | 295 | 359 |
| Jaipur | 319 | 446 | 373 | 386 |
| Nokha | 389 | 380 | 344 | 392 |
| Gangashahar | 921 | 460 | 304 | 451 |
